विश्व बैंक द्वारा दी गई सहायता राशि में से गुजरात सरकार को कितनी राशि प्रदान की गई;

(ख) उसका जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त अवधि के दौरान राज्य में इस संबंध में प्राप्त की गई उपलब्धियों का जिला-वार ब्यौरा क्या है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस० कृष्ण कुमार): (क) वर्ष 1993-94 तथा 1994-95 के दौरान गुजरात राज्य को विश्व बैंक की कोई सहायता नहीं दी गई।

(ख) प्रश्न ही नहीं होता।

(ग) प्रश्न ही नहीं होता।

कृषि विज्ञान केन्द्रों की स्थापना करना

5649. **श्री ईश दत्त यादव:**
चौधरी हरमोहन सिंह:

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कृषि विज्ञान केन्द्रों की स्थापना संबंधी कोई लक्ष्य निर्धारित किया है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) 31 मार्च, 1995 तक कितना लक्ष्य प्राप्त किया गया है;

(घ) क्या यह सच है कि निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं हो सका है; और

(ङ) क्या सरकार ने इस संबंध में किसी व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराया है; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस० कृष्ण कुमार): (क) जी, हां। भा० कृ० अनु० परिषद ने नौवीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक देश के प्रत्येक जिले में एक कृषि विज्ञान केन्द्र स्थापित करने का प्रस्ताव किया है।

(ख) पिछले तीन वर्षों में भा०कृ०अनु० परिषद ने देश के विभिन्न जिलों में 152 कृषि विज्ञान केन्द्रों की स्थापना की है और आठवीं पंचवर्षीय योजना के शेष वर्षों में देश में 119 अतिरिक्त कृषि विज्ञान केन्द्र स्थापित करने का प्रस्ताव है, बशर्ते कि इसके लिए परिषद को अतिरिक्त धन उपलब्ध हों।

(ग) भा०कृ०अनु० परिषद ने 31 मार्च, 1995 तक देश के विभिन्न क्षेत्रों में 261 कृषि विज्ञान केन्द्रों की स्थापना की है।

(घ) जी, नहीं।

(ङ) प्रश्न ही नहीं उठता।

Livestock in the Country

5650. CHAUDHARY HAR MOHAN SINGH:
SHRI AAS MOHAMMAD:

Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to refer to answer to Unstarred Question 2848 given in Rajya Sabha on 31st March, 1995 and state whether Government have any data of ratio between man and livestock in Arjentina, Australia, Columbia and Brazil vis-a-vis India?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI ARVIND NETAM): Yes, Sir. The number of livestock per thousand of human population during 1977, 1982 and 1988 in Arjentina, Australia, Columbia, Brazil and India is as under :—

(in number)

		1977	1982	1988
1.	Argentina	4030	3539	2874
2.	Australia	12313	11168	11694
3.	Columbia	1258	1228	1102
4.	Brazil	1434	1259	1441
5.	India	583	593	545